मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र


RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 10 अंक - 42 मुंबई, सोमवार, दिनांक 10 जुलाई से 16 जुलाई 2023 पृष्ठ : 04 कीमत : 3 /- रुपये









भिखारी ठाकुर

18 दिसंबर, 1887 - 10 जुलाई, 1971

भोजपुरी के शेक्सपियर पद्मश्री भिखारी ठाकुर जी के 52वें पुण्यतिथि पर शत शत नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि

# 'महाराष्ट्र को तोड़ना चाहती है बीजेपी'

## उद्धव ठाकरे बोले- पहले शिवसेना, अब एनसीपी, इसके बाद...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में जारी सियासी उथल-पुथल के बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बीजेपी को निशाने पर लिया. उद्धव ठाकरे ने गुरुवार (6 जुलाई) को कहा कि बीजेपी ने शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को तोड़ दिया है और महाराष्ट्र को तोड़ना चाहती है. एनसीपी में हुई टूट पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में ठाकरे ने कहा, ''वे महाराष्ट्र के खिलाफ हैं. उन्होंने पहले शिवसेना और अब एनसीपी को तोड़ दिया. वे महाराष्ट्र को तोड़ना चाहते हैं और ऐसा कोई नहीं चाहते जो उन्हें बाहर निकलने से रोक सके.''अजित पवार के एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार में डिप्टी सीएम बनने के बाद एनसीपी में



दोफाड़ हो गए हैं. इसके बाद से ही चाचा शरद पवार और भतीजे अजित के बीच एनसीपी के नेतृत्व पर कब्जा बनाए रखने की सियासी लड़ाई जारी है. अजित ने खुद को एनसीपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित करवा लिया है और चुनाव आयोग में पार्टी को लेकर अपना दावा ठोंक दिया है. वहीं, शरद पवार भी चुनाव आयोग की शरण में पहुंच चुके हैं. ये तमाम चीजें ठीक वैसे ही घटित हो रही हैं, जैसे शिवसेना के साथ हुई थीं. महाराष्ट्र सरकार में अजित पवार की एंट्री के बाद दावा किया जा रहा है कि एकनाथ शिंदे गुट के कई विधायक नाराज हैं. शिवसेना यूबीटी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत भी दावा कर चुके हैं कि एनसीपी में हुई बगावत और अजित की राज्य सरकार में एंट्री से शिंदे गुट के 17 से 18 विधायक नाराज हैं और उनके संपर्क में हैं. इसके साथ ही संजय राउत ने महाराष्ट्र को नया मुख्यमंत्री मिलने का दावा किया.

# शिक्षा से ही लम्बी छलांग लगाया जा सकता है प्रतीक ओम प्रकाश शर्मा बने चार्टर्ड अकाउंटेंट

**मुंबई,** महमदपुर बारी गांव मड़ियाहूं जनपद जौनपुर निवासी प्यारेलाल शर्मा के प्रपौत्र प्रतीक ओम प्रकाश शर्मा सीए की परीक्षा में सफल हुए। प्रतीक ने बहुत ही कठिन परिश्रम कर यह सफलता प्राप्त करके परिवार के साथ ही साथ समाज का भी नाम रोशन किया है। इसके लिए अनिल शर्मा ने उनको हार्दिक बधाई दी है और बताया प्रतिक जो सफलता प्राप्त की है इससे परिवार के साथ साथ समाज का भी नाम रोशन हुआ! प्रतिक के सफलता से आने वाले बच्चो पर एक अच्छा असर पड़ेगा।



# महाराष्ट्र में अब कांग्रेस ने अशोक चव्हाण को लेकर अटकलें शुरू

**महाराष्ट्र :** एनसीपी में हुई बगावत के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में तूफान उठा हुआ है. शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता दावा कर रहे हैं कि जल्द ही कांग्रेस के भी कई विधायक शिंदे सरकार में शामिल हो सकते हैं. इन चर्चाओं पर अब कांग्रेस की ओर भी बयान आया है. महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण ने इन अटकलों को अफवाह करार दिया है. महाराष्ट्र में बीजेपी-शिवसेना सरकार को समर्थन देने की अटकलों पर गुरुवार (6 जुलाई)



को अशोक चव्हाण ने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा कि मैं आज कांग्रेस कोर कमेटी की बैठक में था और मुझे नहीं पता कि कौन हमारे बारे में अफवाहें फैला रहा है. मेरी कुछ पूर्व निर्धारित बैठकें थीं इसलिए मैं उन बैठकों के लिए निकल गया हूं. इससे पहले शिवसेना (शिंदे गुट) के विधायक संजय शिरसाट ने दावा किया था कि महाराष्ट्र कांग्रेस के कई विधायक पार्टी छोड़ना चाहते हैं. मैंने सुना है कि 16-17 विधायक कांग्रेस छोड़ना चाहते हैं. वे जल्द ही निर्णय लेंगे और कांग्रेस भी विभाजित हो जाएगी. संजय शिरसाट ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के अपने पद से हटने की सभी अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि एकनाथ शिंदे सीएम बने रहेंगे. डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस ने भी साफ कहा है कि अगला चुनाव उनके नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा.

# हेमा, फाउंडेशन द्वारा नई शिक्षा नीति के अनुसार समग्र शिक्षा का पाठ्यक्रम देश को समर्पित

**मुंबई,** संस्कार संस्कृति सभ्यता एवं मूल्य शिक्षा के उत्थान हेतु समर्पित हेमा फाउंडेशन आरआर ग्लोबल की सामाजिक गतिविधियों की एक परोपकारी इकाई है। फाउंडेशन का उद्देश्य है लोगों में मानवीय मूल्यों की चेतना जागृत करना जिससे समस्त सृष्टि शांतिपूर्ण को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए समग्र शिक्षा को ग्रेडवाइज कक्षा 3 से लेकर 12वीं तक के संपूर्ण पाठ्यक्रम को हेमोत्सव 2023 के अवसर पर देश को समर्पित किया जाएगा।

श्री दिलीप महेश्वरी जी अध्यक्ष हेमा फाउंडेशन




व सामंजस्यपूर्ण रूप से जीवन यापन कर सके। इसी संकल्पना के साथ 25 जून 2016 को श्रद्धेय श्री गोविन्ददेव गिरिजी के करकमलों द्वारा नैतिकता से ओत-प्रोत व मानवता की प्रतिमूर्ति श्रीमती हेमा काबरा की पुण्य स्मृति में हेमा फाउंडेशन का शुभारंभ हुआ।

फाउंडेशन के चेयरमैन व प्रबंध न्यासी श्री महेन्द्र काबरा जी ने कहा- भारतीय जनमानस में मानवीय मूल्यों की चेतना जागृत कर शिक्षित, सरकारी एवं समृद्ध भारत के निर्माण की परिकल्पना साकार करने के लिए बच्चों को उनकी संवेदनशील आयु में संस्कारित एवं नैतिक शिक्षा प्रदान करने हेतु शैक्षणिक संस्थानों पर बिना वित्तीय बोझ डाले, अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी पहल के अन्तर्गत 'हेम वर्च्यूज ई लर्निंग पोर्टल के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों के द्वारा यह अभिनव प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्यकीय शैक्षिक प्राधिकरणों के साथ मिलकर नई शिक्षा नीति 2020 के दिशानिर्देश के अनुसार मूल्य शिक्षा पाठ्यक्रम दक्षिण मुंबई ने कहा - इतने कम समय में हेम वर्च्यज ईलर्निंग पोर्टल के माध्यम से मूल्य शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत 26 राज्यों के 125 शहरों में 3 लाख 32 हजार से अधिक छात्रों, 6710 विद्यालयों, 7604 शिक्षकों को प्रभावी रूप से प्रशिक्षण दिया गया है तथा वेबिनार के माध्यम से 447 शिक्षकों को प्रशिक्षित कर तिलक महाराष्ट्र विद्यापीठ गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाण-पत्र दिए गए हैं, जिससे मूल्य शिक्षा का यह अभियान प्रत्येक विद्यालय, प्रत्येक विद्यार्थी तक जल्द से जल्द पहुंचे। फाउंडेशन के उद्देश्यों एवं कार्यों को महामहिम राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द सहित विभिन्न राज्य सरकारों एवं केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर सराहना की है।

हेमा फाउंडेशन समग्र शिक्षा पाठ्यक्रम द्वारा युवा पीढ़ी में मूल्यों को स्थापित करने के लिए किए गए प्रयासों के लिए योग्य स्कूलों, शिक्षण कर्मचारियों और छात्रों को पुरस्कृत करने के लिए 'हेमोत्सव' की मेजबानी कर रहा है।

# दादर पूर्व में 12 जुलाई को वार्षिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर कुमार विश्वास



**मुंबई,** सोमवार, 10 जुलाई 2023 को अपराह्न 3 बजे प्रेस क्लब में एक प्रेस मीट का आयोजन किया गया। जिसमे बताया गया कि दिनांक - 12 जुलाई 2023 समय - शाम 4.00 - 8.30 बजे स्थानः योगी सभागृह, रेल व्यू, लोकमान्य तिलक कॉलोनी, दादर पूर्व, मुंबई। वार्षिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि : कवि, लेखक और प्रेरक वक्ता डॉ. कुमार विश्वास हैं।

कार्यक्रम में प्रेस सदस्यों को विशेष ब्लॉक में आरक्षित किया जाएगा। यह जानकारी संस्था द्वारा दी गई है।

# भांडुप में उत्तर भारतीय स्नेह मिलन कार्यक्रम संपन्न

**मुंबई,** भांडुप के प्रबुद्ध उत्तर भारतीय समाज सेवकों का स्नेह मिलन कार्यक्रम मेवाड केसरी उपस्थित हुए। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि भांडुप में बडी संख्या में उत्तर भारतीय रहते हैं। सभी






सभागृह, भांडुप प.पर संपन्न हुआ।

समारोह की अध्यक्षता पी एस पांडे (पुर्व नगरसेवक) ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाज सेवक जे.पी.सिंह, आर.डी.यादव, मंगला शुक्ला, डॉ. सचिन सिंह, एड.रविन्द्र सिंह, गुलाब दूबे,अजय पटेल,राम जीवन यादव, कन्हैयालाल शर्मा,राधेश्याम गुप्ता,डॉ.सदानंद मिश्रा,अभिनेश सिंह, ओमप्रकाश सिंह, मनोज पांडे,राकेश शुक्ला,आनंद दीक्षित, अविनाश पांडेय, अशोक पांडेय (पत्रकार), डॉ.सुधीर सिंह, अनिल चतुर्वेदी,राजेश मिश्रा,विनय त्रिपाठी सहित कई गणमान्य लोग लोगों को एकजुट होकर अपने मान सम्मान की रक्षा,एक दुसरे के सुख दुःख में सम्मिलित होकर आपसी भाई चारा,सद्भाव हेतु कार्य करना होगा।हमारे अधिकांश भाई रिक्शा,टैक्सी,फेरी वाला,सिक्युरिटी गार्ड के रुप में कार्य कर अपनी रोजी रोटी कमा रहे हैं उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोडना होगा। समाज के होनहार,मेधावी बच्चों को आगे बढने, पढने हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान कर प्रोत्साहित करना होगा। राजनीतिक क्षेत्र में किसी भाई बहन को मौका मिले तो मिल जुल कर आगे बढाने में सहयोग प्रदान करने का संकल्प सभी ने लिया।



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# जनसंख्या का दबाव

अहमदाबाद में मेयर सम्मेलन में उचित ही इस निष्कर्ष पर पहुंचा गया कि हमारे शहर देश का भाग्य तय करेंगे। यह बात जितनी सही दुनिया के लिए है, उतनी ही देश के लिए भी। आज सभी नीति–नियंता इस पर एकमत हैं कि शहर विकास के इंजन हैं। अन्य देशों की तरह भारत में भी शहरीकरण की गति बहुत तेज है। इस तेज गति ने शहरीकरण की चुनौतियां बढ़ा दी हैं। नगर निकाय शहरों में रहने वालों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। शहरों में जिस अनुपात में जनसंख्या का दबाव बढ़ता चला जा रहा है, उस हिसाब से बुनियादी ढांचे का विकास नहीं हो पा रहा है। जो विकास हो भी रहा है, वह नियोजित नहीं है। अनियोजित विकास शहरों की समस्याएं बढ़ा रहा है। अनियोजित विकास शहरी जीवन को कष्टप्रद तो बना ही रहा है, शहरों के विकास में बाधक भी बन रहा है। यदि देश को तेजी से आर्थिक प्रगति करनी है तो उसे अपने शहरों की दशा संवारनी ही होगी। हमारे छोटे–बड़े शहर गंदगी, प्रदूषण, ट्रैफिक जाम और लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को तनाव देने वाली समस्याओं से घिरते जा रहे हैं। अपने देश के शहरों में सार्वजनिक यातायात के साधन भी संतोषजनक नहीं। इन्हीं सब कारणों से कुछ लोग शहरों से दूर रहने का विकल्प चुनने को बाध्य हो रहे हैं।

शहरीकरण को लेकर बातें तो खूब होती हैं, लेकिन इस पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है कि उनका समुचित विकास कैसे हो। शहरीकरण संबंधी ज्यादातर योजनाएं समस्याओं का फौरी निदान करने वाली होती हैं। इसके चलते जो फ्लाईओवर, अंडरपास, बाईपास आदि बनते हैं या फिर नए मोहल्ले बसाए जाते हैं, वे कुछ ही समय बाद समस्याओं से घिर जाते हैं। स्पष्ट है कि टाउन प्लानर उस दूरदर्शिता का परिचय नहीं दे रहे हैं, जो आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। शहरी जीवन को आरामदायक बनाने और शहरों को आर्थिक विकास में अधिकाधिक भागीदार बनाने में नगर निकायों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन उनके ज्यादातर कार्य कामचलाऊ ही होते हैं। एक समस्या यह भी है कि वे भ्रष्टाचार और संकीर्ण दलगत राजनीति के साथ अन्य अनियमितताओं से ग्रस्त हैं। यह उनकी लचर कार्यप्रणाली का ही परिणाम है कि वे शहरों के विकास के लिए अपने बलबूते संसाधन भी नहीं जुटा पाते। क्या यह विचित्र नहीं कि एक ओर शहरों को संवारने की बातें की जाती हैं और दूसरी ओर यह देखने को मिलता है कि उनमें झुग्गी बस्तियां बढ़ती जाती हैं? नगर निकायों के कामों की गुणवत्ता का स्तर भी गया–बीता है। समझना कठिन है कि सड़कें बनने के साथ ही खराब क्यों हो जाती हैं? सड़कों के साथ अन्य सार्वजनिक स्थल अतिक्रमण का भी शिकार होते रहते हैं। यह भी देखने में आता है कि एक ही शहर के अलग–अलग इलाकों के विकास के मामले में भिन्न–भिन्न मानक अपनाए जाते हैं।

# रामसकल तिवारी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे सैकड़ों गणमान्य लोग

**जौनपुरः–**राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और कल्याण टिटवाला के जानेमाने उत्तर भारतीय समाजसेवी और शिक्षा के प्रति समर्पित व्यक्ति पारसनाथ तिवारी ने अपनी जन्मभूमि जौनपुर जिला के भिलमपुर गांव में अपने आवास पर अपने पिता स्व रामसकल तिवारी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस मौके पर कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि पूर्व सांसद और महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री रमेश दूबे ने दीप प्रज्वलित कर स्व रामसकल तिवारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भाव-पूर्ण श्रद्धांजलि दी।उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश कुंवर वीरेंद्र सिंह पूर्व विधायक लालबहादुर यादव,मुंबई कॉंग्रेस महासचिव और यशोभूमि के पूर्व संपादक आनंद शुक्ला पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव, अशोक तिवारी, मंगला मिश्र, अभयराज उपाध्याय,लल्लन उपाध्याय, पूर्व प्रधानाचार्य लक्ष्मीनारायण उपाध्याय, प्रेम सिंह चांदपर,सुरेन्द्र सिंह बसपा नेता रामकुमार यादव,राजेश यादव,राजेश दुबे,विनय मिश्रा,ऑड अखिलेश दुबे,वेदप्रकाश शुक्ला,थाणे जिला नवभारत व्युरो चीफ अखिलेश मिश्रा,जौनपुर के पत्रकार ओमप्रकाश मिश्रा के अलावा स्थानिक सैकड़ों गणमान्य लोगों ने स्व रामसकल तिवारी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मा को शांति के लिए ईश्वर के चरणो में प्रार्थना की ।सुप्रसिद्ध गायक शिवपूजन मिश्रा और उनके साथियों ने देर रात तक भजन प्रस्तुत कर लोगों को भक्ति रस का स्वाद चखाया। पारसनाथ तिवारी ने 51 विभूतियों को शाल ओढ़ा कर उनका सम्मान करते हुए आगंतुक सभी सम्मानित अतिथियों का दिल से आभार व्यक्त किया।



**फोटोः–कपिलदेव खरवार**

# सीखने की कोई उम्र नहीं होती: पूजा तिवारी

## खेल - खेल में बच्चों को दी जा रही शिक्षा

## शासकीय प्राथमिक शाला तार बाहर और दहलीज फाउंडेशन का आयोजन



**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** प्राथमिक शाला तारबाहर और समाजसेवी संस्था दहलीज फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में खेल खेल के माध्यम से बच्चों को शिक्षा में पारंगत किया जा रहा है । इस नई पहल के तहत बच्चों को केवल पाठ्यपुस्तक के ज्ञान के अलावा विभिन्न रोचक ढंग से एक्टिविटी करा कर शिक्षा दी जा रही है। दहलीज संस्था की संस्थापिका हिना खान ने बताया कि उनकी संस्था के 18 से 25 वर्ष की उम्र के सदस्य खुद पढ़ाई करने के साथ साथ समाज सेवा कर रहे हैं। ये सदस्य हर शनिवार स्कूल जाकर बच्चों को अलग अलग गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा देते हैं। स्कूल की प्रधान पाठक पूजा तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि सिखने की कोई उम्र नहीं होती। इसकी शुरूआत कहीं से भी की जा सकती है। आदमी जिंदगी भर सीखता रहता है। ये बच्चे भी समाज के लिए प्रेरणा बनेंगे। पूजा तिवारी ने कहा कि स्कूल में क्रिकेट, बैडमिंटन और आउटडोर गेम्स होते रहते हैं। गेम्स के माध्यम से मैथ्स की पढ़ाई कराई जाती है और सामान्य ज्ञान की जानकारी दी जाती है ।पूजा ने बताया कि दहलीज फाउंडेशन की ओर से कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों के लिए लाइब्रेरी की व्यवस्था की जा रही है जो 15 अगस्त से पहले शुरू कर दी जाएगी। कार्यक्रम में दहलीज फाउंडेशन की हिना खान व उनकी संस्था के सदस्य और शासकीय प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका पूजा तिवारी एवं उनका पूरा स्टॉफ उपस्थित था। इस अवसर पर बच्चों को आवश्यक स्टेशनरी सामग्री प्रदान की गई ।

# संदीप अग्रवाल अध्यक्ष नवघर मंडल भाजपा भायंदर ने शालीनता से अपना जन्मदिन मनाया

**संवाददाता, मीरा भयंदर**

संदीप अग्रवाल भाजपा अध्यक्ष नवघर मंडल भायंदर पूर्व ने अपना जन्मदिन बड़ी मर्यादित, शालीनता एवं प्रसन्नता से अपने शुभचिंतकों एवं परिवार के करीबी लोगों के साथ केक काटकर मनाया।


इस मौके पर अग्रवाल को सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों एवं प्रत्यक्ष बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इसी क्रम में भाजपा सचिव भयंदर पूर्व वार्ड क्रमांक 3 रामजीत वर्मा एवं वरिष्ठ भाजपा महिला समर्थक सोनगुड्डी ने श्री संदीप अग्रवाल को पुष्पगुच्छ देकर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई देते हुए उनकी दीघार्यु की कामना की।



रामजीत वर्मा ने अपनी बात रखते हुए हमें बताया कि श्री संदीप अग्रवाल जी कष्टसाध्य, ईमानदार और बहुत सारे सराहनीय गुणों वाले अतुलनीय व्यक्ति है। श्री संदीप अग्रवाल जी की निष्ठा और दूसरों के प्रति अनुराग वास्तव में प्रेरणादायक है। उनकी प्रभावी मुस्कुराहट अपनों के दिलों को रोशन कर देती है। जरूरत पड़ने पर सभी के सुख-दुख में साथ खड़े रहकर समर्थन, प्रोत्साहन देते हैं। मौके पर श्री अग्रवाल जी की उपस्थिति निश्चिंतता लाती है।

रामजीत वर्मा ने आगे बताया कि स्थानीय जनमानस के क्षेत्र में उनके अद्वितीय कार्य आने वाले वर्षों में श्री संदीप जी के लिए और भी अधिक सफलता और खुशियां लेकर आएंगे। आपके अखबार के माध्यम से उन्हें जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएं देते हुए उनकी लंबी आयु की कामना करता हूं।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३



**कदम कदम पर** परिवार की तरफ से हार्दिक शुभेच्छा!

# मुख्यमंत्री सेवा परखवाड़े का किया गया आयोजन



**सीखड़,** माह के दूसरे रविवार को प्राथमिक स्वास्थ केन्द सीखड (मगरहा) में मुख्यमंत्री सेवा पखवाड़े का आयोजन प्रभारीचिकित्साधिकारी डाक्टर निलेश कुमार कुशवाहा के देख रेख में प्रभारी बाल बिकास परियोजनाधिकारी धनदेई देवी के आदेशो का परिपालन करती हुई आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्नेहलता पांडेय, सरिता पांडेय, ममता सिंह/नीलम पांडेय, सहायिका अनिता पांडेय द्वारा हरे सांग सब्जियो मौसमी फलो , सहित पोषक तत्वों से भरपूर सामग्रियों का स्टाल लगाकर तथा मेले मे आए लाभाथीयौं को सेवन करने उससे होने वाले फायदों के बारे मे जानकारी देती हुई बच्चों व गर्भवती महिलाओ का स्वास्थ परिक्षण कराई तथा लाभार्थियों को खान पान साफ सफाई परिवार नियोजन की जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ दीपावली डेन्टल आकांक्षा मिश्रा, एनम ,एलटी राजेश गुप्ता, फर्मासिस्ट प्रवीण कुमार ,वार्ड ब्वॉय राजकुमार सहित अस्पताल के स्टाप एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

# प्रतीक ओम प्रकाश शर्मा बने चार्टर्ड अकाउंटेंट



महमदपुर बारी गांव मड़ियाहूं जनपद जौनपुर निवासी प्यारेलाल शर्मा के प्रपौत्र प्रतीक ओम प्रकाश शर्मा सीए की परीक्षा मैं सफल हुए। प्रतीक ने बहुत ही कठिन परिश्रम कर यह सफलता प्राप्त करके परिवार के साथ ही साथ समाज का भी नाम रोशन किया है। इसके लिए शशिकला शर्मा, दिनेश शर्मा, हर्षित, मयंक ने उनको हार्दिक बधाई दी है।

# महाराष्ट्र का असर बिहार में?

## जेडीयू में टूट की अटकलों के पीछे असल वजह कहीं ये तो नहीं

**महाराष्ट्र :** क्या महाराष्ट्र में एनसीपी के दो फांक होने जैसी घटना बिहार में भी दोहराई जा सकती है? जबसे शरद पवार की पार्टी टूटी है, तभी से इस बात को लेकर चर्चा काफी गर्म है। बीजेपी ने इस बात को हवा दी कि नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू में फूट पड़ रही है। इसके बाद नीतीश कुमार ने अपने सभी विधायकों और सांसदों के साथ मीटिंग भी की। ऐसे में खबर आ रही है कि बिहार में सियासी सरगर्मी तो है, लेकिन मामला असल में कुछ अलग ही है।



**क्या होगा जेडीयू-आरजेडी में विलय?**

दरअसल जेडीयू और आरजेडी दोनों दलों में एक बड़ा वर्ग इस बात के पक्ष में है कि दोनों दलों का आपस में विलय हो जाए, और यह काम आम चुनाव से पहले हो जाए। इस प्रक्रिया में नीतीश कुमार नई पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनें और लोकसभा चुनाव भी लड़ें। वहीं बिहार की कमान तेजस्वी यादव को सौंप दी जाए। इस चर्चा के बीच जेडीयू के कई नेता असहज हैं। वे पार्टी में अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

बीजेपी इन्हीं नेताओं को रडार में रख रही है। इनमें कुछ सांसद और विधायक भी हैं। वहीं गठबंधन नेताओं के अनुसार अभी इस बारे में कोई फैसला नहीं हुआ है, और जब भी कोई पहल होगी, सभी नेताओं को विश्वास में लेकर ही आगे का काम किया जाएगा। ऐसे में बिहार में भी अगले कुछ दिन महागठबंधन के लिए बेहद अहम साबित होने वाले हैं। हालांकि, जेडीयू के नेताओं को लेकर बीजेपी की ओर से जो कुछ भी कहा जाए, नीतीश कुमार उकसावे में आने वाले नहीं हैं। उन्हें पता है कि कब क्या करना है। यही वजह है कि जेडीयू विधायकों और दिग्गज नेताओं से नीतीश ने स्पेशल मीटिंग की थी। नीतीश कुमार का ये सियासी अंदाज ही है कि वे अपने नफा-नुकसान का आकलन किए बगैर कोई कदम नहीं उठाते हैं।

# प्रहार संगठन द्वारा विधायक बच्चू कडू का जन्म दिवस मनाया गया



**मुंबई-** प्रहार अपंग क्रांति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधायक बच्चू कडू (पुर्व मंत्री) के जन्म दिवस पर प्रहार अपंग क्रांति संगठन के मुलुंड अध्यक्ष लोकेश आचार्य द्वारा अकेशा शो रूम के पास पी. के.रोड मुलुंड प. समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर समाज सेवक कन्हैयालाल गुप्ता, अनिल गवली (महासचिव), लक्ष्मी (गवर्नर), नीता मरचेन (महिला अध्यक्ष), संतोष गुप्ता, महादेव गुड, ने केक काट कर, पटाखे फोड़कर बच्चू कडू को जन्म दिवस की शुभ कामनायें प्रदान किया।

# स्वजातीय बंधुओं द्वारा जोखन लाल शर्मा सजई को सर्व सहमति से चौधरी नियुक्त किया गया !

**जौनपुर,** दि० 8 / 7 / 20 23 तिलोरा नाई समाज के MCA जि० अध्यक्ष और भारतीय नाई कल्याण





वि ० सेवा समिति वरिष्ट संरक्षक तथा पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश शर्मा के सौजन्य से श्याम नारायण ईन्टर कालेज पर नाई समाज का मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे ग्राम परगना घिसुआ मे पुराने चौधरी नन्हकू राम शर्मा के निधन हो जाने के कारण नये चौधरी जोखन लाल शर्मा को सर्व सहमति से चौधरी नियुक्त किया गया ! जिसमे ४२ गांव के बिरादरी के 300 लोग आये और कई चौधरी और भारतीय नाई कल्व वि० से ० समिति रजि जौनपुर सस्था अध्यक्ष दिनेश शर्मा मनोज शर्मा प्रधान महा सचिव पंचम शर्मा सुरेश शर्मा पत्रकार तथा जिला अध्यक्ष मिडिया प्रभारी अजय शर्मा सभी उपस्थित रहे दिनेश शर्मा ने रक्तदान के विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी समाज के नौ जवानो को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए क्योकि रक्तदान महादान है हम सब का एक एक बूद खून किसी की जिन्दगी बचा सकता है. धन्यवाद अवधेश शर्मा.

# भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजिस्टर्ड के समस्त पदाधिकारी पहुंचे शोक सभा



**जौनपुर,** ग्राम सभा चक संडेरी में भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजिस्टर्ड के समस्त पदाधिकारी पहुंचे शोक सभा कार्यक्रम भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजिस्टर्ड के संस्था कोषाध्यक्ष माननीय अशोक कुमार शर्मा के फूफा जी का देहांत हो गया था जिनके त्रयोदशाह तेराही में संस्था के समस्त पदाधिकारी पहुंचकर मृतक आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखा और ईश्वर से कामना की मृतक की आत्मा जहां पर भी हो ईश्वर उनको शांति प्रदान करें और संस्था अध्यक्ष दिनेश चन्द्र शर्मा के द्वारा समाज से एक अपील की गई जिसमें कहा गया कि यह तेराही भोज को जड़ से खत्म करना है और यह जो कुरीतिया है इसको दूर करना है और सभी उपस्थित स्वजाती बंधुओं ने इसका समर्थन किया और सभी ने प्रण लिया कि आगे से इसका हम लोग भी विरोध करेंगे और बंद करवाने की भरपूर पूरी कोशिश करेंगे जिसमें संस्था के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे संस्था अध्यक्ष दिनेश चन्द्र शर्मा, संस्था जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा, संस्था वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्ना लाल शर्मा, संस्था प्रधान महासचिव मनोज कुमार शर्मा, संस्था कोषाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, संस्था संरक्षक माननीय राम कीर्ति शर्मा एडवोकेट, संस्था संरक्षक श्री प्रसाद शर्मा, संस्था संरक्षक विद्या सागर शर्मा (पूर्व प्रधानाध्यपक) संस्था संगठन मंत्री शैलेंद्र शर्मा, संस्थान कार्यकारणी सदस्य राजेन्द्र प्रसाद शर्मा तथा प्यारेलाल शर्मा आदि स्वजाती बंधुओं वहां उपस्थित रहे!

# महाराष्ट्र की जेलों में बंद विदेशी कैदियों को मिलेगी वीडियो कॉलिंग की सुविधा



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की जेलों में बंद विदेशी कैदियों को वीडियो कॉलिंग की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। पिछले दिनों आदेश जारी किया गया था कि जेलों में बंद पुरुष और महिला कैदियों को फोन कॉल की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। अब एक सुधारित पत्र निकालकर जेल में बंद विदेशी कैदियों को वीडियो कॉलिंग की सुविधा प्रदान किए जाने की जानकारी दी गई है। लेकिन पाकिस्तानी, बांग्लादेशी और आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले कैदियों को यह सुविधा नहीं मिलेगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कैदियों के लिए यह सुविधा पहली बार महाराष्ट्र में शुरू की जा रही है। इससे पहले 2018 में महिला कैदियों के लिए वीडियो कॉलिंग के जरिये परिवार से बात कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। इसके अलावा ओपन जेल में बंद कैदियों के लिए परिवार से फोन कर बात करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी।

# मुंबई- अहमदाबाद राजमार्ग पर पालघर के पास 50 से अधिक अवैध निर्माण को तोड़ा गया।

**मुंबई :** मुंबई- अहमदाबाद राजमार्ग को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए, महाराष्ट्र के पालघर जिले में नागरिक प्राधिकरण ने 50 से अधिक अवैध संरचाओं को सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया है। यह कदम हाल ही में हुई भारी बारिश के बाद उठाया गया है, यह कदम हाल ही में हुई भारी बारिश के बाद उठाया गया है, जिसके कारण महत्वपूर्ण राजमार्ग पर भारी यातायात जाम हो गया है। प्रवर्तन प्रयासों ने मुख्य रुप से उन ढाबों और स्थायी इमारतों को लक्षित किया जिन्होंने राजमार्ग की भूमि पर अतिक्रमण किया था। विध्वंस अभियान का नेतृत्व वरिष्ठ नागरिक



अधिकारियों और पुलिस कर्मियों ने किया। इसका उद्देश्य अनधिकृत निर्माण को समाप्त करके मार्ग की मूल स्थिति को बहाल करना था।

इससे पहले, यह बताया गया था कि अवैध भूमि भराव के कारण राजस्व और नागरिक अधिकारियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का खेल शुरू हो गया था।

# रेल संरक्षा से आपराधिक खिलवाड़ः

## एहतियाती उपाय को धता बता रहे हैं शराबी गार्ड

**चुनार,** वरिष्ठ पत्रकार राजीव कुमार ओझा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस बात पर गंभीर चिंता जताई है कि सुरक्षित रेल परिचालन और रेल संरक्षा सुनिश्चित करने के जो एहतियाती कदम शीर्षस्थ रेल अधिकारियों द्वारा उठाए गए हैं उनको चुनार लाबी के कुछ गार्ड धता बताते हुए नशे की हालत में ड्यूटी कर रहे हैं। गौरतलब है कि ड्यूटी शुरू करने से पहले साइन आन करते समय ब्रीथ एनलाइजर में रनिंग स्टाफ से फूंक मरवाई जाती है। इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित किया जाता है कि गाड़ी लेकर जा




रहा गार्ड नशे में तो नहीं है?यदि उसने शराब पी रखी है तब ब्रीथ एनलाइजर से पकड़ा जाएगा।

सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार चुनार लाबी के कुछ कुख्यात गार्ड इस एहतियाती उपाय को ठेंगा दिखाते हुए प्रस्थान स्टेशन पर बीए टेस्ट के बाद शराब पीते हैं। सूत्र बताते हैं कि बीए टेस्टिंग की जिम्मेदारी आउट सोर्सिंग के संविदा कर्मियों के जिम्मे है।यदि कुख्यात शराबी गार्ड बीए टेस्ट में शराब के नशे में पकड़ा भी जाता है तब इनकी गाली गलौज और आतंक के कारण आउट सोर्सिंग का संविदाकर्मी नशे की बात रिकार्ड पर दर्ज नहीं करता है।इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता कि शराब एडिक्ट गार्डों की वजह से किसी दिन कोई भीषण रेल दुर्घटना हो जाए जिसमे जन धन की भारी क्षति हो।

सुविज्ञ सूत्रों से मिली खबर के अनुसार एक गार्ड की शराब खोरी की रिपोर्ट एस. एस. चुनार ने वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक प्रयागराज को भेजी थीलेकिन कार्रवाई नहीं हुई।नतीजतन रेल संरक्षा से आपराधिक खिलवाड़ का यह गोरखधंधा बे रोक टोक जारी है।

# श्रीमद् भागवत कथा का संगीतमय आयोजन



**भोपाल,** प्रीमियर ऑर्चर्ड कॉलोनी बेस्ट प्राइस के पीछे करोद रोड भोपाल के टीन शेडपार्क में श्रीमद् भागवत कथा का संगीतमय आयोजन किया गया। आज पांचवे दिन गिरिराज भगवान का वर्णन किया गया व भगवान श्री कृष्ण जी के विवाह का भी वर्णन किया गया।

आचार्य राम कीर्तन दास जी महाराज श्री वृंदावन धाम में कृष्ण की अनेक लीलाओं और उनके रहस्य का वर्णन करा। कथा का समापन दिनांक 7 /7/23 को एवं भंडारा 8 /7/ 2023 को रखा गया।

यह आयोजन श्री सुरेश कुमार पांडे के द्वारा अपनी धर्मपत्नी श्रीमती स्वर्गीय ललित पांडे की प्रथम पुण्यतिथि पर रखा गया आपके द्वारा समस्त कॉलोनी वासियों को आमंत्रित किया गया।

# मुलुंड कांग्रेस द्वारा मुफ्त नोटबुक वितरण

**मुंबई-** मुलुंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीता जोशी एवम राकेश राघवन (जिलाध्यक्ष सहकार सेल) द्वारा सेवक संस्था के सहयोग से जरूरत मंद विद्यार्थियों को (कार्याध्यक्ष मुंबई कांग्रेस), सचिव किशोर मुंडेकल, अयुब सय्यद, डॉ.सचिन सिंह (महासचिव उत्तर भारतीय सेल महाराष्ट्र कांग्रेस),अतुल जोशी,भगवान



मुफ्त नोटबुक वितरण कार्यक्रम का आयोजन मुलुंड हाई स्कूल हाल, चंदन बाग रोड, मुलुंड प.पर किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से चरण सिंह सप्रा किशोर तिवारी,हरीश गुप्ता,करुणानिधि,अलका सावला, कौशल्या गायकवाड,कमल चंदनशिवे, रिजवान, द्वारा नोटबुक वितरण किया गया।

# ऑल इंडिया महापदम नंद एजुकेटेड एसोसिएशन की मीटिंग का आयोजन

**करोल बाग,** दिनांक 2 जुलाई 2023 कबीर पैलेस कबीर पैलेस होटल करोल बाग मैं ऑल इंडिया महापदम नंद एजुकेटेड एसोसिएशन की मीटिंग का आयोजन रखा गया मीटिंग में नई कार्यकारिणी का गठन को काफी ऊंचाई तक ले जा सकते हैं 'और सतीश सेन जी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज का जमाना इलेक्ट्रॉनिक युग है आप इसके माध्यम से अपने संगठन को एकजुट रख सकते हैं और अपने सामाजिक संगठन है राजनीतिक संगठन नहीं है.

इसलिए हमें समाज के साथ जोड़ना और उनसे आपस में तालमेल बनाकर संगठन को आगे बढ़ाना है आपने आपने कहा कि



और किस प्रकार से संगठन को आगे बढ़ाया जाए इस पर विचार रखे गए दिल्ली के प्रभारी हरद्वारी लाल Arya ने अपने विचार में संगठन को चलाने के लिए अपने विचार रखे उन्होंने कहा हमारा संगठन कैडर base पर चलता है और इसकी अपनी विचारधारा है उन्होंने कहा हमारी कार्यकारिणी का गठन हर 2 वर्ष में होता है अगर संगठन में आपका अच्छा कार्य करते हैं तो आप संगठन विचार को एक दूसरे को आदान-प्रदान कर सकते हैं.


मैंने देखा है कि हम लोग आपस में भी एक दूसरे से टेलीफोन पर बात नहीं करते इतनी अच्छी सुविधा होने के बावजूद हम इसमें अभी पीछे हैं अगर आपको संगठन के प्रति अच्छा कार्य करना है तो कृपया एक दूसरे से फोन पर जुड़े रहें और अपने विचारों का आदान प्रदान करें क्योंकि हमारा यह एक हमारा आपस में टेलीफोन पर बात ना करना बहुत बड़ी कमी है और हमारे पूर्व मीडिया प्रभारी सुरेश सेन जी अपने विचार में संगठन को बढ़ाने के लिए अपने विचार प्रस्तुत किए उन्होंने कहा संगठन की शुरूआत घर से तथा रिश्तेदारों तथा रिश्तेदारों के रिश्तेदारों को जोड़कर संगठन को आगे बढ़ाना चाहिए जिससे संगठन को और ज्यादा मजबूती मिले.

## 17 जुलाई से शुरू होगा विधानमंडल का मानसून सत्र, मंत्रिपरिषद विस्तार पर अनिश्चितता



**मुंबई :** महाराष्ट्र विधानमंडल का मानसून सत्र 17 जुलाई से चार अगस्त तक चलेगा। यह निर्णय शुक्रवार को विधानसभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में लिया गया।

बैठक में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के साथ रविवार को सरकार में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री अजित पवार और राकांपा नेता छगन भुजबल मौजूद थे। भारतीय जनता पार्टी के सूत्रों ने कहा कि सत्र से पहले मंत्रिपरिषद के विस्तार की संभावना नहीं है, हालांकि राकांपा से मंत्रियों को विभागों का आवंटन आने वाले दिनों में हो सकता है।





5/7/2023को आल इंडिया महापद्म नंद Kamyunlti एजुकेटेड एसोसिएशन विंध्याचल मण्डल तथा मिर्जापुर जनपद की एक बैठक जिला अध्यक्ष लल्लू प्रसाद शर्मा नंद जी के आवास पर आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जी ने किया जिसमें मुख्य अतिथि माननीय अशोक कुमार शर्मा नंद जी रहे साथ में प्रदेश अपर महासचिव रमेश कुमार श्रीवस्ताए जी भी सहभागिता किए। माननीय प्रदेश अध्यक्ष का मिजार्पुर में प्रथम आगमन हुआ जिसके लिए मण्डल अध्यक्ष रवि शंकर शर्मा नंद जी ने उनका हार्दिक स्वागत एवम अभिनंदन किया बैठक को मंडल सचिव गोपाल दास शर्मा, विजय बहादुर शर्मा, कृष्ण मुरारी शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय रघुनाथ प्रसाद शर्मा नंद तथा प्रदेश अपर महासचिव रमेश चंद्र ने भी संबोधित किया प्रदेश अध्यक्ष जी ने प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने पर जोर दिया अंत में जिला अध्यक्ष जी ने सभा का समापन किया


यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com